# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर जिला–ऊधम सिंह नगर

e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com Website-ww.nagarnigamrudrapur.com

पत्रांकः– /2023–24 दिनांक– 16.02.2024

## "अल्पकालीन कोटेशन सूचना"

नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत 04 विभिन्न स्थलों पर आगामी 01 सप्ताह के भीतर "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जहाँ पर प्रत्येक स्थल पर पृथक–पृथक स्टॉल लगाये जाने हेतु निम्न तालिका में अंकित विवरणानुसार व्यवस्था की जानी है। स्थलों की संख्या आवश्यकता अनुसार घट/बढ़ भी सकती है।

| कार्य का विवरण |
|---|
| आमजनमानस के बैठने के लिये 500 साधारण कुर्सियाँ, स्टॉल लगाये जाने हेतु लगभग 25 मेज (प्रति मेज अनुमानित साईज 5'X3'), मेज पॉश, मेज बॉडर, वी0आई0पी0 आंगतुकों के बैठ्ने के लिये छोटा स्टेज (साइज लगभग 200 वर्गफुट), 03 सोफे (कुल क्षमता 06 लोग), सैन्टर टेबल, पूर्ण स्थल के तीन ओर टैंट व्यवस्था छत सहित, फ्लोर मैट, पर्याप्त पानी बोतल एवं कैम्पर। |

उक्त कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्मों/कोटेशनदाताओं से दिनांक 19.02.2024 की पूर्वान्ह 11:00 बजे तक सीलबन्द कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन पूर्वान्ह 11:30 बजे नगर निगम रूद्रपुर की क्रय समिति द्वारा खोली जाऐंगी। उक्त तिथि के अवकाश होने की दशा में प्राप्त कोटेशन अगले कार्यदिवस पर क्रय समिति द्वारा प्रात 10:00 बजे खोली जाऐंगी। निर्धारित समय के उपरान्त प्राप्त कोटेशनों पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस पर नगर निगम, रूद्रपुर के कक्ष संख्या–26 में कार्यालय समयानुसार सम्पर्क किया जा सकता है। किसी कोटेशन या समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर में निहित होगा।

(राजू नबियाल)
सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

(नरेश चन्द्र दुर्गापाल)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

पत्रांकः–4064/3/2023–24 P.D दिनांक–16/02/24

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

1. कार्यालय जिलाधिकारी महोदय, ऊधमसिंह नगर।
2. कार्यालय उप जिलाधिकारी महोदय, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।
4. श्री तपन कुमार राय, डा.ए.ओ. नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कोटेशन सूचना को नगर निगम रूद्रपुर की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर